संख्या-21/2019/2766/96-आयुष-1-19-57/2017 टी0सी0-1

प्रेषक,

अजय कुमार शुक्ला,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

3- निदेशक,
आयुर्वेद सेवायें,
उ0प्र0 लखनऊ।

4- निदेशक,
यूनानी सेवायें
उ0प्र0 लखनऊ।

5- निदेशक,
होम्योपैथ,
उ0प्र0 लखनऊ।

आयुष अनुभाग-1 **लखनऊः दिनांकः 28 मई, 2019**

विषयः पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2019 के क्रम में विभिन्न आयोजनों एवं योग पखवाड़ा (15 जून 2019 से 30 जून 2019 तक) की कार्य योजना का प्रेषण।

महोदय,

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर योग दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न आयोजनों को सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित किया गया है जिनका विवरण निम्नवत् है :-

(1) पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2019 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के मुख्यालय में अथवा उसके पास स्थित ग्राउण्ड, स्टेडियम, पुलिस परेड ग्राउण्ड, सार्वजनिक मैदान आदि में आयोजन किया जाय। चिह्नित स्थान की पूर्व सूचना संबंधित जिलाधिकारी से प्राप्त की जायेगी। जनपद स्तर पर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया जायेगा –

जिलाधिकारी	- अध्यक्ष
सी0डी0ओ0/एस0एस0पी0/एस0पी0	- सदस्य
ए0डी0एम0 सिटी/ए0डी0एम0 (एफ/आर)	- सदस्य
वी0सी0, विकास प्राधिकरण	- सदस्य
नगर पालिका/नगर पंचायत/जिला क्रीडा अधिकारी	- सदस्य
डी0आई0ओ0एस0/बी0एस0ए0	- सदस्य
क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी	- सदस्य
जिला होम्योपैथिक अधिकारी	- सदस्य
योग वेलनेस सेन्टर का योग प्रशिक्षक	- सदस्य

(2) **ब्लाक स्तर-** खण्ड विकास अधिकारी के नेतृत्व में प्रदेश के ब्लाको में पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जायेगा।

(3) **पंचायत स्तर-** ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के सदस्यो को शामिल करते हुए एक समिति का गठन किया जायेगा तथा पंचायत में स्थित क्रीडांगन/ मैदान में पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जायेगा।

(4) युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, एस0एच0जी0एस0 आंगनबाडी, प्रधानाचार्य, ए0एन0एम0, आशा इत्यादि की सहभागिता सुनिष्चित की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(5) **कार्यक्रम का स्वरुप एंव गतिविधियॉं**- 15 जून 2019 से 21 जून 2019 तक राज्य, जनपद, ब्लॉक एंव पंचायत स्तर पर योग पखवाड़ा को आयोजन किया जायेगा। तदोपरान्त 21 जून, 2019 को निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन तथा अन्य कार्यक्रम होंगे।

(6) **विभिन्न सरकारी एवं निजी स्कूल/कालेजों एवं विश्वविद्यालयो की सहभागिता**- सरकारी एवं निजी क्षेत्र के स्कूलों महाविद्यालयो एवं विश्वविद्यालय के शिक्षको कर्मचारियो एंव छात्र-छात्राओ को सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए गहन जनसम्पर्क अभियान चलाया जायेगा और चिन्हित स्कूलों में दिनॉक-15.06.2019 से 30.06.2019 तक लगातार योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

(7) **लखनऊ शहर के 100 स्थानों पर योग शिविर**- विगत वर्ष की भांति यू0पी0 नेचुरोपैथी एवं योग टीचर्स एण्ड फिजिशियन एसोसिएशन के योग प्रशिक्षकों द्वारा लखनऊ शहर के 100 स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

(8) **सरकारी अधिकारियो/कर्मचारियो की सहभागिता**- विभिन्न विभागो को चिन्हित करके उनके आवश्यकतानुसार योग प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा तथा दिनांक 21.06.2019 को सम्पन्न होने वाले मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने हेतु प्रेरित किया जायेगा।

(9) **एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, स्काउट गाइड, नेहरु युवा केन्द्र, प्रान्तीय रक्षा दल, आंगनबाडी व अन्य की सहभागिता**- कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इन संस्थाओं के प्रमुखो से सम्पर्क करके इनकी आवश्यकतानुसार योग प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा तथा मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आग्रह किया जायेगा।

(10) **मुख्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम** - पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2019 को लखनऊ में मुख्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

(11) कार्यक्रम को व्यापक रुप से प्रभावी बनाने के लिए योग से संबंधित निम्नलिखित संस्थाओ की सहभागिता हेतु इसके प्रमुखो से सम्पर्क किया जायेगा-

(अ) आर्ट ऑफ लिविंग
(ब) ब्रम्ह कुमारी संस्थान
(स) पंतजलि योगपीठ
(द) यू0पी0 नेचुरोपैथी एंव योग टीचर्स एडं फिजिशियन एसोसिएशन
(य) नमो गंगा
(र) गायत्री परिवार
(ल) स्वामी विवेकानन्द योग संस्थान
(व) अन्य संबंधित संस्थान

(12) **सामूहिक योगाभ्यास के लिए टी-शर्ट**- दिनांक 21 जून, 2019 को प्रदेश में सम्पन्न होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को टी-शर्ट वितरित किया जायेगा।

(13) अन्तराष्ट्रीय योग दिवस को सुचारु रुप से सम्पन्न कराने के लिए निम्नलिखित समितियों का गठन राज्य स्तर पर किया जाएगाः-

आयोजन समिति
योगासन प्रतियोगिता समिति
प्रश्नोतरी समिति
सेमिनार समिति
कार्यशाला समिति
प्रचार-प्रसार एवं जनसंपर्क समिति
परिवहन एवं आवास व्यवस्था समिति
भोजन प्रबंधन समिति

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

मंच व्यवस्था समिति
सामूहिक योगाभ्यास समिति
मुद्रण एंव प्रकाशन समिति
(नोटः- आवश्यकतानुसार संशोधन अपेक्षित होगा)

(14) **प्रचार-प्रसार-** पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक एंव प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न समाचार पत्रों, विभिन्न चैनलो, दूरदर्शन एवं प्रचार माध्यमों द्वारा प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

3- उक्त आयोजन हेतु रू0 2.00 लाख प्रति आयुर्वेद महाविद्यालय एवं जनपद स्तर पर आयोजन हेतु रू0 2.50 लाख की व्यवस्था की जा रही है।

4- इस संबंध में मुझे कहने का निदेश हुआ है कि पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में जनसहभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु समस्त जनपदों के मुख्यालयों, तहसीलों, एवं ब्लाक मुख्यालयों के स्तर पर दिनांक 21 जून, 2019 को योग कार्यक्रम एवं योग पखवाड़ा आयोजित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार भी करायें।

भवदीय,

अजय कुमार शुक्ला
सचिव।

संख्या-21/2019/27662766(1)/96-आयुष-1-19, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

2- सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

आज्ञा से,

आलोक यादव
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।